हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 33 .4 डिग्री
न्यूनतम 16 .5 डिग्री

खबर संक्षेप

सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर हादसों के बाद फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हादसा होने के बाद गत 17 अक्टूबर को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में सोनीपत के रोशन नगर में रह रहे मूल रूप से यूपी निवासी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया। कसोला पुलिस ने हादसे के बाद 8 सितंबर को दर्ज मामले में राजस्थान के जलाका निवासी नरेंद्र को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

हरिजन एक्ट के तहत आरोपी भेजा जेल

कोसली। पुलिस ने मारपीट करने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 4 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने, धमकी देने और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया था। केस दर्ज करने के बाद कोसली डीएसपी ने जांच शुरू की थी। इस मामले में अहमदपुर पड़तल निवासी श्यामलाल को गिरफ्तार किया गया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

अवैध शराब के साथ पकड़ा आरोपी

धारूहेड़ा। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि उत्तराखंड के परंदा निवासी पंकज अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करता है। वह एचएसआईआईडीसी में शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर जाकर काबू कर लिया। उसके कब्जे से 49 पव्वे देशी शराब बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

दहेज उत्पीड़न का आरोपी चढ़ा हत्थे

रेवाड़ी। दहेज की मां पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक गांव निवासी विवाहिता संतोष की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों के समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने 21 मार्च को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने ढाणी भालोठ निवासी सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

राजपूत सभा जिला कार्यकारिणी की बैठक 25 अक्टूबर को

रेवाड़ी। राजपूत सभा बावल की जिला कार्यकारिणी की बैठक आगामी 25 अक्टूबर को राजपूत धर्मशाला बावल में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान करेंगे। बैठक में समाज की ज्वलंत समस्याओं तथा कार्यों को सुचारू रूप से चलाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक का समय दोपहर 12 बजे रखा गया है।

खुशपुरा पावर हाउस में मेंटेनेंस कार्य के कारण बिजली रहेगी बाधित

कोसली। कोसली सब डिवीजन के अंतर्गत 33 केवी खुशपुरा पावर हाउस में 21 अक्टूबर को मेंटेनेंस के कार्य के लिए बिजली आपूर्ति 2 घंटे 30 मिनट बाधित रहेगी। पावर हाउस इंचार्ज चन्दरजीत ने बताया कि सुबह 8:05 से 10:30 बजे तक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कारण 11 केवी नांगल पठानी डीएस, दड़ौली एपी, बाबरौली एपी, फतेहपुरी डीएस, खुशपुरा ड एस, खुशपुरा एपी व बालधन एपी वाटर सप्लायर फीडरों की सप्लाई बाधित रहेगी।

बेरली में छोटेलाल रामलीला क्लब के 150 फीट व बावल में 61 फीट रावण के पुतलों का दहन

धू-धू कर जला अहंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में मंगलवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। अनेक धार्मिक संस्थाओं की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा शस्त्र पूजन किया गया। श्रीराम की ओर से चलाए गए अग्निबाण से अच्छाई पर बुराई की जीत हुई। अच्छाई की आग में धूं-धूं करके रावण का अहंकार जलकर राख हो गया। जिले के गांव बेरली कलां में छोटूराम रामलीला युवा क्लब की ओर सबसे ऊंचे 150 फीट के रावण का पुतले का दहन किया गया। बावल में जय रामलीला कमेटी की ओर से नई सब्जी मंडी मैदान में 61 फीट का रावण जलाया गया। देर शाम शहर के हुडा मैदान में श्री घंटेश्वर महादेव आदर्श रामलीला समिति व लाला मक्खनलाल धर्मशाला युनाइटेट रामलीला क्लब की ओर से 60-60 फीट के दो रावण के पुतलों का दहन किया गया। इनके अलावा शहर के गली-मोहल्लों में भी रावण के कई छोटे-छोटे पुतलों का दहन किया गया। कस्बा धारूहेड़ा के दशहरा मैदान में श्रीराम रामलीला क्लब की ओर से दशानन के पुतले का दहन किया गया। दशहरे के पर्व पर सुरक्षा को लेकर पुलिस के पुख्ता प्रबंध रहे।



रेवाड़ी। हुडा मैदान में रावण दहन देखने उमड़ी भीड़। फोटो : हरिभूमि

रामलीला समितियों ने निकाली शोभायात्रा



दशहरे पर्व पर मोती चौक से श्री घंटेश्वर महादेव आदर्श रामलीला समिति व मक्खन लाल धर्मशाला से युनाइटेट रामलीला क्लब की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, विभीषण, अंगद व जामवंत सहित वानर सेना शामिल रही। दोपहर बाद शुरू हुई शोभायात्रा भाड़ावास गेट, अग्रसेन चौक व महाराणा प्रताप चौक से बावल रोड होते हुए शाम को हुडा मैदान पर पहुंची। जहां श्रीराम व रावण के युद्ध में श्रीराम ने अग्निबाण चलाकर अंहकार रुपी रावण का अंत किया।

दशहरा मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

दशहरा पर्व को लेकर मंगलवार सुबह से ही हुडा मैदान में काफी रौनक रही। विजयादशमी पर्व को लेकर दुकानों पर बच्चों के लिए खिलौने व अस्त्र-शस्त्रों में तलवार, धनुष-बाण, हनुमानजी का घोटा, ढाल व भाला सहित अनेक अस्त्र सजाएं गए। बच्चों ने खिलौनों की जमकर खरीदारी की। दशहरे मेले में खाने-पीने की रेहड़ियों पर महिलाओं की काफी भीड़ रही। मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी मात्रा में पुलिस बल भी तैनात रहा।

दुकानों पर खूब बिकी जलेबियां

दशहरे के पर्व पर सुबह से ही शहर में जलेबी की दुकानों पर काफी भीड़ रही। दिनभर हलवाई जलेबी बनाते रहे। जलेबी बेचकर मिष्ठान भंडारों ने अच्छा प्रोफिट भी कमाया। शहर के मशहूर भगतजी जलेबी के संचालक ने बताया कि दशहरे पर्व पर अमूमन 6 से 7 क्विंटल खांड की खपत हो जाती है। दिनभर लोग हुडा मैदान में लगे रावण के पुतले की पूजा करते रहे तथा प्रसाद के रुप में जलेबी का चढ़ाई गई। लोगों ने अपने छोटे बच्चों को रावण का आर्शीवाद भी दिलाया।



रेवाड़ी। युनाईटेड क्लब के रावण के पुतले का होता दहन। फोटो : हरिभूमि

एसपी ने दिए थे रामलीला समितियों को व्यवस्था के आदेश

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने दशहरा पर्व पर सुरक्षा को लेकर आमजन व रामलीला समितियों से रावण दहन स्थल के चारों तरफ बैरीगेटिंग लगाने तथा जनता के आने-जाने के लिए रास्ता निर्धारित करने तथा रावण दहन स्थल के निकट वाहन पार्किंग की व्यवस्था न करने के निर्देश थे। रामलीला समितियों ने आदेशों पर अमल करते हुए रावण दहन स्थल पर पूरी व्यवस्था की तथा स्थल के निकट पर्याप्त मात्रा में पानी, फायर ब्रिगेड तथा एंबुलेंस का भी प्रबंध रहा। बावल रोड पर शाम को रावण दहन के समय वाहनों की एंट्री पर प्रतिबंध रहा। शोभा यात्रा व रावण दहन के समय रामलीला समितियों के वॉलेंटियर्स ने व्यवस्था बनाने मे सहयोग दिया। सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा तथा सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मी तैनात थे। सुरक्षा को सिटी थाना एसएचओ, मॉडल टाउन एसएचओ, सिटी एसएचओ, सदर थाना एसएचओ व कसोला थाना एसएचओ अपनी टीम के साथ तैनात थे।

मादक पदार्थ बेचने का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर, कोर्ट से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

■ पांच आरोपियों को पुलिस इस मामले में पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

थाना बावल पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। कोर्ट ने उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर दिया है। पांच आरोपियों को पुलिस इस मामले में पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 2 मार्च की रात पुलिस को सूचना मिली कि मंगलेश्वर निवासी अंकित स्मैक बेचने का काम कर रहा है। वह गांव के मेन रोड पर स्मैक बेचने के लिए खड़ा हुआ है। सूचना को सच मानकर तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अंकित निवासी गांव मंगलेश्वर बतलाया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से 5.17 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी अंकित ने बताया की उसने अपने गांव के तीन साथी नरेंद्र, नितेश व गौरव को पैसे देकर स्मैक बेचने के लिए लगाया हुआ है। पुलिस ने नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त पांच आरोपी अंकित, नरेंद्र, नितेश, गौरव व सुनील उर्फ सेठी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी गांव मोहल्ला बड़ा तालाब हाल आबाद गांव झाबुआ रोड ढाणी अहीर बावल निवासी जोरावर को भी माननीय अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर लिया है।

बिजली व्यवस्था प्राइवेट कंपनी को सौंपने का विरोध शुरू

■ केंद्रीय मंत्री व सीएम का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। शक्ति भवन में मंत्रियों का पुतला फूंकते बिजली कर्मचारी, कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन नेता।

दशहरे के पर्व पर मंगलवार को हरियाणा बिजली कर्मचारी और अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने झज्जर रोड स्थित शक्ति भवन में प्रदर्शन किया। उन्होंने हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग की ओर से इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को गुरुग्राम और नूंह जिले में 25 साल तक बिजली बांटने का समानांतर लाइसेंस देने का विरोध किया। उन्होंने केंद्रीय शहरी आवास व ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, सीएम नायब सिंह सैनी और हरियाणा बिजली नियामक आयोग के चेयरमैन मुकेश गर्ग के पुतले भी फूंके। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार और एचईआरसी की मिलीभगत से बिजली विभाग को निजी हाथों में दिया जा रहा है। कर्मचारी, अधिकारी, किसान और युवा सभी इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। मोर्चा ने आगे की योजना बताते हुए कहा कि बुधवार को सुबह 10 बजे सभी सब-यूनिटों पर एचईआरसी के आदेश की कॉपी जलाई जाएगी। उन्होंने 22, 23 और 24 अक्टूबर को पूर्ण हड़ताल का ऐलान किया है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से बिजली विभाग को निजीकरण से बचाने और कर्मचारियों व आम जनता के हितों का ध्यान रखने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्रम यादव जेई और नवीन यादव ने की।

ये मौजूद रहे

प्रदर्शन में मनोज सैनी, सुदाम पाल, शमशेर, धनराज, छत्र लाल, जय प्रकाश, सोमदत्त, पोहपसिंह, जगबीर जेई, नरेश जेई, अमरजीत जेई, उमेश, अजीत, योगेश, सुनील व राजेन्द्र सहित सैकड़ों बिजली कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी उनके प्रजनन स्थलों को समाप्त करना: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय मच्छरों की रोकथाम तथा उनके प्रजनन स्थलों को समाप्त करना है। इसके लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। डीसी ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वें मच्छरों से होने वाली बीमारियों, विशेषकर डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी सावधानियों का पालन करें। डीसी ने कहा कि नागरिक घर से बाहर निकलते समय पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें तथा आवश्यकता के अनुसार मच्छरदानी का प्रयोग करें। दिन के समय भी मच्छरों से बचाव जरूरी है, क्योंकि डेंगू फैलाने वाला मच्छर दिन के समय भी सक्रिय रहता है। नागरिक मच्छर भगाने वाले साधनों का भी उचित प्रयोग करें। घरों, कार्यालयों और आसपास के क्षेत्रों में कहीं भी पानी जमा न होने दें। कूलर, गमले, टायर, छतों पर रखे बर्तन, टंकियों तथा अन्य ऐसे स्थानों की नियमित सफाई करें, जहां पानी एकत्रित हो सकता है।

मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं



डिप्टी सीएमओ व जिला मलेरिया अधिकारी डा. जोगेन्द्र तंवर ने बताया कि किसी व्यक्ति को बुखार, तेज सिरदर्द, शरीर में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, जी मिचलाना अथवा त्वचा पर लाल चकत्ते जैसे लक्षण दिखाई देने पर स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लें। डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता एवं जांच अभियान में आमजन सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं और अपने परिवार को डेंगू से सुरक्षित रखें। जिला प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर डेंगू व अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

विहिप व बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन

रेवाड़ी। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से विजयदशमी के पावन पर्व पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन बाबा भूरा नंद की बगीची कालाका रोड पर किया गया। कार्यक्रम विधिवत विश्व हिंदू परिषद की रीति-नीति एवं आचार पद्धति के अनुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बगीची के महंत एवं विहिप संरक्षक बृजेंद्र पुरी महाराज का सानिध्य रहा। कार्यक्रम में विहिप जिला अध्यक्ष राधेश्याम मित्तल, प्रांत टोली से नरेंद्र जोशी, विभाग मंत्री राजकुमार यादव, वरिष्ठतम विहिप कार्यकर्ता प्रमोद शर्मा एवं बजरंग दल जिला संयोजक शिव कुमार मौजूद थे। विभाग मंत्री राजकुमार यादव ने आचार पद्धति कराई। वक्ता के रूप में शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ ने विजयदशमीः आदिकाल से आज तक कविता के माध्यम से चारों युगों में इसके महत्व को रेखांकित किया। प्रमोद शर्मा ने हनुमानजी के भजन के माध्यम से इसके महत्व को बताया। नरेंद्र जोशी ने कहा कि शस्त्र पूजन शक्ति, सुरक्षा और धर्म रक्षा का प्रतीक है। महंत ब्रिजेन्द्र पुरी ने कहा कि यह पर्व हमें अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देता है। जिला अध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने कहा कि संगठन सेवा, सुरक्षा और संस्कार के मंत्र के साथ निरंतर राष्ट्र और धर्म हित में कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, मोहित गोयल नगर उपाध्यक्ष, शिवकुमार दायमा सह मंत्री नगर, मोहनलाल मीरपुर प्रखंड उपाध्यक्ष, गीतांश, मित्तल, मुकुट अग्रवाल, महेश, जगमोहन, चिराग सैनी, अमित राठौर व मोनू सहित बजरंग दल एवं विहिप के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



आग दशहरे का अवकाश होने के कारण श्रमिक सुरक्षित बच गए, पुलिस आगजनी के कारणों की जांच शुरू कर रही

मोबाइल फैक्ट्री के स्क्रैप यार्ड में आग, तुरंत काबू पाने से हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बावल की एक मोबाइल फोन निर्माता कंपनी में मंगलवार सुबह स्क्रैप यार्ड में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने तुरंत आग पर काबू पा लिया। दशहरे का अवकाश होने के कारण एक ओर जहां श्रमिक सुरक्षित बच गए, वहीं दूसरी ओर स्क्रैप में आग लगने के कारण बड़ा नुकसान भी टल गया। पुलिस आगजनी के कारणों की जांच शुरू कर दी।

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर बनीपुर चौक से कुछ दूरी पर एक मोबाइल फोन बनाने वाली फैक्ट्री है, जिसमें बड़ी संख्या में मोबाइल फोन का उत्पादन होता है। मंगलवार को दशहरे का अवकाश होने के कारण श्रमिक नहीं आए थे। सुबह के समय फैक्ट्री के स्क्रैप यार्ड से धुआं निकलने लगा, तो सिक्योरिटी गार्ड एक्टिव हो गए। उन्होंने पुलिस और फायर ब्रिगेड को आग की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। आग स्क्रैप में लगी थी, जिसे लगभग एक घंटे बाद काबू पा लिया गया। आग पर तुरंत काबू पाने के कारण बड़ी हादसा या नुकसान होने से टल गया। अगर आग कंपनी परिसर तक पहुंच जाती, तो इससे करोड़ों रुपये का नुकसान हो सकता था। बावल थाना पुलिस के अनुसार अभी कंपनी प्रबंधन की ओर से आगजनी के कारणों में कुछ भी नहीं बताया गया है। कारणों की जांच की जा रही है।



रेवाड़ी। फैक्ट्री में लगी आग बुझाते हुए दमकल कर्मी, आग से जला सामान व मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

बड़ी लूट का शिकार हो चुकी कंपनी

इस कंपनी से कराड़ों रुपये भरकर निकला एक कंटेनर कुछ वर्ष पूर्व लूट लिया गया था। चालक को बंधक बनाकर की गई लूट के बाद एसटीएफ तक का गठन किया गया था। खाली कंटेनर रोहतक के पास बरामद हो गया था। बाद में एसटीएफ ने एक दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। मोबाइल फोन भी बरामद किए गए थे।

आगजनी की घटनाएं बढ़ा रहीं चुनौती

इस साल बावल औद्योगिक एरिया में आगजनी की दो बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। छोटी घटनाएं नियमित अंतराल के बाद होती रहती है। एक केमिकल फैक्ट्री में आग से दो श्रमिकों की झुलसकर मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे। इसके बाद भी कंपनियों में आगजनी पर रोक लगाने की दिशा में आवश्यक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

टाइल फैक्ट्री के श्रमिक ने फांसी लगाकर जान दी

रेवाड़ी। गांव पाड़ला के पास एक टाइल फैक्ट्री में कार्य करने वाले 20 वर्षीय श्रमिक ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव लेबर रूम में पंखे के हुक से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। बिहार के नागवोरी जिला के गांव देवरा निवासी समीर पाड़ला की एक टाइल फैक्ट्री में कार्यरत था। वह अपने परिवार के साथ कुछ समय पहले ही मेहनत मजदूरी करने के लिए आया था। सुबह के समय वह लेबर रूम आराम करने के लिए गया था। जब दोपहर बाद तक रूम से बाहर नहीं निकला, तो साथी श्रमिकों ने कमरे में जाकर देखा। उसका शव फंदे से लटक रहा था। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मृतक के पास से किसी तरह का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ।



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला



जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर

नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), सई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले करीब 100 परिवारों और पशुओं के सामने स्वच्छ पानी का संकट पैदा होने की आशंका

प्यास बुझाने के लिए बनवाई पानी की टंकी और खेल्ली के पास डाला जा रहा कूड़ा, लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में स्वच्छता अभियान के बीच एक ऐसी स्थिति सामने आई है, जहां झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों और बेजुबान पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करने के उद्देश्य से बनवाई गई टंकी और खेल्ली के आसपास ही कूड़ा डाला जा रहा है। इससे वहां रहने वाले लोगों और पशुओं के पेयजल की स्वच्छता को लेकर चिंता बढ़ गई है। सुबह सैर करने जाने वाले शहर के कुछ लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पानी की टंकी और खेल्ली के आसपास कूड़ा डालने पर रोक लगाई जाए। सैर करने जाने वाले लोगों ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2024 में आपसी सहयोग से नहर पार पहाड़ी के नजदीक माधव वृद्ध के साथ मिलकर एक पानी की टंकी और पशुओं के लिए पानी की खेल्ली बनवाई थी। इसका उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों और गायों सहित अन्य पशुओं को पानी उपलब्ध करवाना था। उनके अनुसार, इस व्यवस्था से करीब 100 परिवार अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी लेते हैं, जबकि बड़ी संख्या में गायें और अन्य पशु भी खेल्ली से अपनी प्यास बुझाते हैं।



नारनौल। व्याप्त गंदगी स्थल पर बनी टंकी से पानी भरते हुए। फोटो : हरिभूमि

नलकूप से रोज भरा जाता है पानी

गौर हो कि सुमेर सिंह यादव अपने नलकूप से प्रतिदिन पानी की टंकी और खेल्ली में पानी भरते हैं, जिससे लोगों और पशुओं को पानी मिल सके। लेकिन अब नगर पालिका की ओर से इनके पास शहर का कूड़ा-कचरा डाला जा रहा है। इससे पानी की स्वच्छता प्रभावित होने की आशंका है। उनका कहना है कि जिन परिवारों के पास पेयजल की सीमित सुविधाएं हैं, उनके लिए यह टंकी महत्वपूर्ण है। ऐसे में इसके आसपास कूड़ा डालना लोगों और पशुओं, दोनों के स्वास्थ्य के लिहाज से चिंता का विषय है।

स्वच्छता अभियान के बीच व्यवस्था पर उठाए सवाल

लोगों ने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए अभियान चला रही हैं। ऐसे में पानी की टंकी और पशुओं की खेल्ली के आसपास कूड़ा डाला जाना स्वच्छता के उद्देश्य के विपरीत है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि इस स्थान पर कूड़ा डालना बंद करवाया जाए और टंकी व खेल्ली के आसपास सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों तथा पशुओं को स्वच्छ पानी मिल सके।

इन्होंने उठाई आवाज

इस संबंध में संयुक्त रूप से मांग उठाने वालों में धर्मपाल शर्मा, चंद्रप्रकाश एडवोकेट, गुरदयाल सिंह नाहर, ओमप्रकाश मैरोडिया, उमेश दत्त शर्मा, सुशील यादव, सतीश वर्मा, अनिल यादव और गजेंद्र थानेदार शामिल हैं।

सिटी थाना एसएचओ इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने असामाजिक तत्वों को दी कड़ी चेतावनी

त्योहारी सीजन में सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, मुख्य बाजारों में किया पैदल मार्च





रेवाड़ी। शहर के बाजार में गश्त करते हुए राइडर शहर के बाजार में पैदल गश्त करते हुए पुलिस टीम।

ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए शहर के मुख्य बाजारों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में त्योहारी सीजन में सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। धनतेरस और दीपावली को लेकर जिला वासियों की सुरक्षा और शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने मजबूत और चाक-चौबंद सुरक्षा चक्र तैयार कर लिया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशानुसार शहरी व ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध लागू किए गए हैं, ताकि जिले का हर नागरिक बिना किसी भय के अपने परिवार के साथ इन खुशियों भरे त्योहारों का आनंद ले सकें।

हुड़दंगियों के लिए शहर में कोई जगह नहीं

त्योहारी सीजन के चलते शहर के बाजारों में उमड़ने वाली भारी भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था का जमीनी जायजा लेने के लिए मंगलवार को दशहरे के पर्व पर एसएचओ सिटी इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने चौकी इंचार्जो और भारी पुलिस बल के साथ मुख्य बाजार में पैदल गश्त की। पुलिस टीम ने शहर के रेलवे चौक, सर्राफा बाजार, मोती चौक, कटला बाजार, साड़ी बाजार, जीवली बाजार, नया बाजार, बस स्टैंड, बीएमजी मॉल और व्यस्त मार्गों का दौरा किया। एसएचओ सूबे सिंह ने दुकानदारों, व्यापारियों और खरीदारी करने आए आम नागरिकों से संवाद किया और उन्हें पूरी सुरक्षा का आश्वसन दिया। उन्होंने कहा कि हुड़दंगियों, जेबकतरों और असामाजिक तत्वों के लिए शहर में कोई जगह नहीं है, यदि किसी ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी।

धार्मिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा कवच

दशहरे और अन्य आयोजनों के चलते शहर और ग्रामीण अंचल के सभी प्रमुख मंदिरों, पंडालों और पूजा स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को कोई असुविधा न हो। महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए दुर्गा शक्ति, पिंक राइडर और पीसीआर वैन बाजारों में लगातार गश्त कर रही हैं। इसके अलावा, मनचलों और जेबकतरों पर नजर रखने के लिए बाजारों में सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

पुलिस की जनता से अपील

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि वे त्योहारों को आपसी सौहार्द, प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। खरीदारी के दौरान अपने कीमती सामान, पर्स, मोबाइल और बच्चों का विशेष ध्यान रखें। यदि आपको कहीं भी कोई लावारिस बैग, वस्तु या कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे, तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें। किसी भी आपातकालीन स्थिति या संकट के समय तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या डायल 112 पर संपर्क करें।

यातायात नियंत्रण और नो-एंट्री जोन

त्योहारों पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए शहर के मुख्य बाजारों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे दोपहिया और चार पहिया वाहन केवल निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करें। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जिले की सीमाओं और शहर के प्रवेश मार्गों पर विशेष नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की गहनता से चेकिंग की जा रही है।

रोहतक में प्रदेश स्तरीय महापंचायत 26 को

रेवाड़ी। केंद्र एवं प्रांतीय सरकारी की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनांदोलन के लिए 26 अक्टूबर को प्रदेश स्तरीय किसान मजदूर छात्र युवा महिला महापंचायत का आयोजन नांदल भवन बोहर रोहतक में आयोजित किया जा रहा है। श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के राज्य प्रधान कामरेड राजेंद्र सिंह ने बताया कि महापंचायत में इंकलाबी शहीदों की परंपरा को आगे बढ़ाने के संघर्ष में लगी हुई शहीद भगत सिंह की भांजी गुरजीत कौर शामिल होंगी। महापंचायत में देश के प्रख्यात अर्थशास्त्री जेएनयू दिल्ली के रिटायर्ड प्रोफेसर अरुण कुमार सहित सयुक्त किसान मोर्चा के नेता व ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान सहित सामाजिक संगठनों के नेता व सोशल एक्टिविस्ट हिस्सा लेंगे।



मंडी अटेली। नई अनाज मंडी में एकसाथ दाना चुगते कबूतर। फोटो : हरिभूमि

नई अनाज मंडी में कबूतरों की चहलकदमी, झुंड बना आकर्षण

मंडी अटेली। अटेली की नई अनाज मंडी में इन दिनों कबूतरों की चहचहाहट और उनका झुंड लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। मंडी परिसर में बड़ी संख्या में कबूतर दिनभर दाना चुगते नजर आते हैं। यहां का नजारा ऐसा दिखाई देता है मानो कबूतरों के लिए यह किसी खास ठिकाने से कम नहीं है। मंडी में सुबह से लेकर सायं तक पक्षियों की चहचहाहट सुनाई देती रहती है। नई अनाज मंडी में कबूतरों को खुले परिसर में बेखौफ होकर घूमते और दाना चुगते देखा जा सकता है। कबूतरों के झुंड एक स्थान से दूसरे स्थान पर उड़ते रहते हैं। जमीन पर बिखरे दानों को चुगते कबूतर मंडी के माहौल को जीवंत बनाते हैं। पक्षियों की मौजूदगी से यहां का दृश्य भी आकर्षक नजर आता है। मंडी परिसर में कबूतरों का इस तरह बड़ी संख्या में एकत्रित होना लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र का विषय बना हुआ है। कबूतरों को दाना चुगते देखना प्रकृति और पक्षियों से जुड़ा एक सहज नजारा है। अनाज मंडी जैसे स्थान पर अनाज के दाने उपलब्ध होने के कारण पक्षियों को यहां आसानी से भोजन मिल जाता है।



ठाकुर बीरसिंह की 102वीं जयंती समारोह 25 को

सतनाली मंडी। ठाकुर बीरसिंह की 102वीं जयंती के उपलक्ष्य में 25 अक्टूबर को भिवानी में जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। रविवार सायं जमुवाय माता मंदिर सतनाली में कार्यक्रम का निमंत्रण देने पहुंचे समारोह के आयोजक एवं ठाकुर बीर सिंह फाउंडेशन भिवानी के अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह ने बताया कि समारोह को लेकर लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जयंती समारोह 25 अक्टूबर को शकुंतला गार्डन भिवानी में आयोजित होगा। समारोह के माध्यम से ठाकुर बीरसिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर दिवान शेखावत, राजपूत सभा महेंद्रगढ़ के पूर्व प्रधान सवाई सिंह राठौड़, उमेद सिंह, एडवोकेट पवन शेखावत, होशियार सिंह ढिल्लु, सतबीर सिंह, जसवंत सिंह, राजेंद्र मुन्ना शेखावत आदि मौजूद रहे।

बाजरे की खरीद के लिए गांवों का रिवाइज्ड शेड्यूल

नांगल चौधरी। अनाज मंडी में बाजरे की फसल बेचने के लिए किसानों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मार्केट कमेटी ने खरीद व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए गांवों का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी किया है। इसके तहत 20 से 24 अक्टूबर तक अलग-अलग गांवों के किसानों के लिए बाजरा बेचने की तिथियां निर्धारित की गई हैं। वहीं 25 अक्टूबर को मंडी में खरीद कार्य के लिए अवकाश रहेगा। मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने बताया कि 20 अक्टूबर को लुजोता, मौखुंड, मेघोत बिंजा, मेघोत हाला, 21 अक्टूबर को भुंगारका, मोहनपुर, मोसमपुर, मुसनौता, 22 अक्टूबर को मुलोढी, नांगल चौधरी, नांगल दुर्गू, नांगल कालिया, 23 अक्टूबर को नांगल नूनिया, नांगल पीपा, नांगल सोडा, नापला, नारहेड़ी, 24 अक्टूबर को नायन, नेहरू नगर, नियामतपुर, नियाजलीपुर गांवों के किसानों के लिए खरीद का कार्यक्रम तय किया गया है।

भाजपा का निजीकरण मॉडल हरियाणा को अंधकार की ओर धकेल रहा: राव नरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को बिजली वितरण का लाइसेंस दिए जाने पर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकारी संस्थानों का निजीकरण करना भाजपा का मॉडल बन गया है। केंद्र की भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में सौंपने की राह पर चल रही है और अब उसी तर्ज पर हरियाणा की भाजपा सरकार भी बिजली वितरण व्यवस्था में निजी कंपनियों के प्रवेश का रास्ता खोल रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अनिल विज स्वयं निजी बिजली वितरण लाइसेंस के प्रस्ताव का विरोध कर चुके थे, तो फिर निजी कंपनी को लाइसेंस कैसे मिल गया? यह स्थिति भाजपा सरकार के भीतर गंभीर विरोधाभास को उजागर करती है। सरकार को बताना चाहिए कि जब उसके अपने मंत्री इस प्रस्ताव के खिलाफ थे, तो जनता के हितों से जुड़ा ऐसा फैसला होने ही क्यों दिया गया?। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा की बिजली व्यवस्था का बुनियादी ढांचा जनता के टैक्स के पैसे से तैयार हुआ है। बिजली नेटवर्क, सबस्टेशन और अन्य सुविधाओं को विकसित करने में सरकारी संसाधन और जनता की मेहनत लगी है।

घर बंद कर बाहर जाने से पहले पुलिस को दें सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के निर्देशानुसार पुलिस ने त्योहारों एवं शादियों के सीजन में घर बंद करके बाहर जाने वाले जिलावासियों से संबंधित थाना या चौकी को इसकी जानकारी देने की अपील की है। समय पर सूचना मिलने से पुलिस को बंद मकानों वाले क्षेत्रों में प्रभावी गश्त एवं निगरानी की योजना बनाने और चोरी की घटनाओं की रोकथाम में सहायता मिलेगी।

पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि त्योहारों, पारिवारिक समारोहों और शादियों में शामिल होने के लिए कई परिवार कुछ दिनों के लिए घर से बाहर चले जाते हैं। ऐसे में मकान लंबे समय तक बंद रहने पर असामाजिक तत्व मौके का फायदा उठाने का प्रयास कर सकते हैं। यदि पुलिस को पहले से जानकारी हो कि संबंधित परिवार बाहर गया हुआ है, तो उस क्षेत्र में गश्त के दौरान विशेष सतर्कता बरती जा सकती है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। नागरिक अपने बाहर जाने की सूचना संबंधित थाना या चौकी में देने के अतिरिक्त सुरक्षा शाखा प्रभारी, नारनौल के मोबाइल नंबर 70566 06138 तथा पुलिस कंट्रोल रूम, नारनौल के मोबाइल नंबर 7056606002 पर कॉल करके भी दे सकते हैं। इसके अलावा डायल 112 के माध्यम से भी पुलिस को सूचित किया जा सकता है।

सूचना देते समय अपना नाम, मकान का स्पष्ट पता, संपर्क नंबर और बाहर रहने की संभावित अवधि बताएं। संभव हो तो किसी विश्वसनीय पड़ोसी अथवा नजदीकी परिजन का संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर संपर्क किया जा सके। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विशेषकर लंबे समय के लिए बाहर जाने वाले परिवार पुलिस को सूचित करने के साथ घर की सुरक्षा व्यवस्था अवश्य जांच लें। घर में नकदी, आभूषण अथवा अन्य कीमती सामान होने पर अतिरिक्त सावधानी बरतें और संभव हो तो कीमती वस्तुओं को सुरक्षित लॉकर में रखें। दरवाजों और खिड़कियों के ताले अच्छी तरह जांचें तथा सीसीटीवी कैमरे लगे हो, तो उन्हें चालू हालत में रखें। किसी विश्वसनीय पड़ोसी या परिजन से घर पर नजर रखने का अनुरोध करें।



व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय अपनाना भी जरूरी

एसपी दीपक कुमार ने कहा कि अपने बाहर जाने की अवधि, घर खाली होने की जानकारी या कीमती सामान का विवरण सार्वजनिक सोशल मीडिया पोस्ट में साझा न करें। यह जानकारी सीधे पुलिस और भरोसेमंद व्यक्तियों तक सीमित रखें। पुलिस को सूचना देने के साथ व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय अपनाना भी जरूरी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि त्योहारों और खुशियों के अवसर पर घर की सुरक्षा को नजरअंदाज न करें।

■ त्योहारों व शादियों के सीजन में सुरक्षा के लिए बरतें अतिरिक्त सतर्कता

पुलिस ने दिया डिजिटल सुरक्षा पर संदेश, पार्सल व डिजिटल अरेस्ट स्कैम बारे आमजन को किया जागरूक

फोन पर पुलिस या सरकारी अफसर का डर दिखाकर पैसे मांगने वाले ठग, रहें सतर्क: पीएसआई

साइबर ठगी का अंदेशा होते ही बिना समय गंवाए तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डिजिटल युग में तेजी से बदलते साइबर अपराधों के तरीकों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन, युवाओं व वरिष्ठ नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग व सतर्क करने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक क्षेत्रों, ग्रामीण अंचलों तथा व्यस्त सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिदिन लक्षित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को साइबर थाने से पीएसआई राहुल की अगुवाई में पुलिस टीम ने धारूहेड़ा सेक्टर-4 स्थित अंबेडकर पार्क के नजदीक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में आमजन, व्यापारियों एवं युवाओं को वर्तमान समय में तेजी से पांव पसार रहे कोरियर-पार्सल स्कैम और डिजिटल अरेस्ट की बारीकियों से अवगत कराया गया।



रेवाड़ी। युवाओं को साइबर ठगी की जानकारी देते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

ठगी से बचने के लिए पुलिस के सुरक्षा मंत्र

भारतीय कानून में डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई व्यवस्था नहीं है। कोई भी वास्तविक पुलिस या जांच एजेंसी फोन-वीडियो कॉल पर पैसे की मांग नहीं करती। यदि आपने कोई सामान ऑर्डर नहीं किया है, तो ऐसे किसी भी पार्सल, कस्टम फीस या डिलीवरी चार्ज से जुड़े कॉल को तुरंत काट दें। अपना बैंक खाता नंबर, यूपीआई पिन, आधार कार्ड, पैन कार्ड या ओटीपी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। एसएमएस या व्हाट्सएप पर प्राप्त किसी भी अज्ञात पार्सल ट्रैकिंग लिंक को न खोलें। साइबर ठगी का अंदेशा होते ही बिना समय गंवाए तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और साइबरक्राइम.जीओवी.इन पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

पुलिस को सूचित करें

जागरूकता ही साइबर अपराधों के खिलाफ सबसे मजबूत कवच है। किसी भी अज्ञात कॉल या धमकी से डरने की बजाय धैर्य रखें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी, रेवाड़ी

पार्सल स्कैम व डिजिटल अरेस्ट का तरीका

पीएसआई राहुल ने कहा कि साइबर ठग खुद को नामी कोरियर कंपनियों का प्रतिनिधि, कस्टम अधिकारी या पुलिस-सीबीआई अफसर बताकर कॉल करते हैं। वे दावा करते हैं कि आपके नाम से विदेश भेजे जा रहे पार्सल में ड्रग्स, फर्जी पासपोर्ट या अन्य अवैध सामान मिला है। घबराहट में डालने के लिए व्हाट्सएप या स्काइप पर वीडियो कॉल की जाती है, जिसमें पीछे पुलिस स्टेशन या सरकारी दफ्तर जैसा फर्जी सेटअप दिखता है। ठग खुद को वर्दी में दिखाकर पीड़ित को कमरे में बंद रहने की धमकी देते हैं। गिरफ्तारी का डर दिखाकर जांच-वेरिफिकेशन के नाम पर पीड़ित से उसके जीवनभर की कमाई बैंक खातों में ट्रांसफर करा ली जाती है।

आयु पूर्ण कर चुके वाहनों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) मनोज कुमार की अध्यक्षता में स्कूल बस संचालकों, वाहन डीलरों तथा बैंक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में पुराने एवं अपनी निर्धारित आयु पूर्ण कर चुके वाहनों को बदलने, स्क्रैप करवाने तथा हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी और प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में जानकारी दी। हरियाणा सरकार के परिवहन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 6/3/2026-6टी(1) दिनांक 24.06.2026 के संदर्भ में बसों और ट्रकों के लिए विशेष योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा 'परिवर्तन पोर्टल' तैयार किया गया है। वाहन स्वामी अपने पुराने बीएस-I, बीएस-II, बीएस-III तथा बीएस-IV श्रेणी के पंजीकृत वाहनों को इस परिवर्तन पोर्टल के माध्यम से बदल सकते हैं या पंजीकृत स्क्रैप फर्म के जरिए स्क्रैप करवाकर नियमानुसार सब्सिडी एवं प्रोत्साहन राशि का लाभ उठा सकते हैं। बैठक के दौरान आरटीए मनोज कुमार ने अधिकारियों व उपस्थित प्रतिनिधियों को बताया कि पुराने वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन वाहनों की आयु पूर्ण हो चुकी है अथवा जल्द ही पूरी होने वाली है।

आज से एक नवंबर तक मनाया जाएगा बाल महोत्सव

बाल भवन में आज से सजेगा सांस्कृतिक मंच

महोत्सव की अनेक विधाओं में प्रतिभा दिखाएंगे बच्चे

पहली बार शामिल होंगी रागिनी व मेहंदी प्रतियोगिताएं

■ जिला स्तरीय मुकाबलों के लिए बाल भवन परिसर में 4 अलग-अलग स्टेज बनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। मॉडल टाउन स्थित बाल भवन परिसर। फोटो : हरिभूमि

जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से 21 अक्टूबर से मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में जिला स्तरीय बाल महोत्सव का आगाज किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ सुबह 10 बजे लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा करेंगे। इस मौके पर जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष व डीसी अभिषेक मीणा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। एक नवंबर तक चलने वाले महोत्सव में पहली बार हरियाणवी सोलो रागिनी और मेहंदी बनाओ प्रतियोगिताओं को शामिल किया जा रहा है। महोत्सव में विद्यार्थियों को चार वर्गों में बांटा गया है। प्रथम वर्ग 5वीं कक्षा तक, द्वितीय वर्ग 6वीं से 8वीं, तृतीय वर्ग 9वीं व 10वीं कक्षा तथा चतुर्थ वर्ग में 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थी अनेक प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता मंडल स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे, जबकि कुछ विशिष्ट कला व साहित्यिक विधाओं के विजेता सीधे राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तरीय मुकाबलों के लिए बाल भवन परिसर में 4 अलग-अलग स्टेज बनाई गई है।

चार वर्गों में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताएं

प्रथम वर्ग- पांचवीं कक्षा तक के बच्चे एकल नृत्य, कार्ड मेकिंग, फैंसी ड्रेस, ग्रुप डांस, बैस्ट ड्रामेबाज, क्ले मॉडलिंग, हिंदी व अंग्रेजी में लेखन प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

द्वितीय वर्ग- कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चे दीया-केंडल डेकोरेशन, स्केचिंग ऑन-द-स्पॉट, पोस्टर मेकिंग, ग्रुप डांस, एकल नृत्य, क्लासिकल नृत्य, एकल गायन, देश भक्ति ग्रुप सॉन्ग, क्विज प्रतियोगिता, बैस्ट ड्रामेबाज, क्ले मॉडलिंग तथा हिंदी व अंग्रेजी में लेखन में हिस्सा लेंगे।

तृतीय वर्ग- 9वीं से 10वीं कक्षा के बच्चे स्केचिंग ऑन-द-स्पॉट, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन, एकल नृत्य, क्लासिकल नृत्य, एकल गायन, ग्रुप डांस, थाली-कलश डेकोरेशन, फन गेम्स लड़के और लड़कियां, रंगोली, देश भक्ति ग्रुप सॉन्ग, क्विज प्रतियोगिता, हरियाणवी रागनी, मेहंदी बनाओ प्रतियोगिताओ में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

चतुर्थ वर्ग- 11 वीं से 12वीं कक्षा के बच्चों के लिए स्केचिंग ऑन-द-स्पॉट, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन, एकल नृत्य, क्लासिकल नृत्य, एकल गायन, ग्रुप डांस, थाली-कलश डेकोरेशन, फन गेम्स लड़के और लड़कियां, रंगोली, देश भक्ति ग्रुप सॉन्ग, क्विज प्रतियोगिता, वन एक्ट प्ले-थियटर प्ले, हरियाणवी रागनी व मेहंदी बनाओ प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

उत्साह से मनाया जाएगा स्थापना दिवस

जिला बाल कल्याण परिषद एक नवंबर को हरियाणा दिवस व जिले के स्थापना दिवस के साथ उत्साह व लगन से मनाएंगी। 28वें स्थापना दिवस पर विशेष रागिनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर परिषद के कम्प्यूटर प्रशिक्षण, ब्यूटी केयर प्रशिक्षण व सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र के उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। परिषद कर्मठ कर्मचारियों, कार्यकर्ताओं प आजीवन सदस्यों को भी सम्मानित करेगी। बाल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य सरकारी व ग्रामीण आंचल के बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर कर उन्हें बेहतर मंच देना है।

-वीरेंद्र यादव, जिला बाल कल्याण अधिकारी, रेवाड़ी।



रेवाड़ी। रामलीला में सीता से संवाद करते हुए रावण तथा रामलीला में श्रीराम से युद्ध करते हुए रावण। फोटो : हरिभूमि

राम-लक्ष्मण को पाताल लोक ले गए अहीरावण का वध, कुंभकरण, मेघनाथ और रावण का भी हुआ अंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे कॉलोनी में श्री राम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की ओर से के के सक्सेना के निर्देशन में दसवें दिन की रामलीला का शुभारंभ पं. मोहन लाल शर्मा के मंत्रोच्चारण व पूजन के बाद डा. वीपी यादव पूर्व चैयरमेन हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने किया। मंचन के दौरान रावण सीता के पास आता है और उनसे कहता है रावण स्वीकार है या नहीं, लेकिन सीता की न ही रहती है। रावण सीता को डराने के लिए द्धेदूत की ओर से तैयार राम का कटा शीश दिखाता है, जिसको देखकर सीता मूर्छित हो जाती है, लेकिन त्रिजटा के समझाने पर सीता को विश्वास आता है कि यह सब छलावा है। इसके बाद रावण अपनी सहायता के लिए कुंभकरण के पास जाता है और उसको नींद से उठवाता है। जब कुंभकरण को ज्ञात होता है कि रावण सीता का हरण कर लाया है तो वह इसको अनुचित मानता है, लेकिन रावण उसको समझाकर युद्ध भूमि में भेज देता है। युद्ध में राम के हाथों कुंभकरण मारा जाता है, फिर रावण मेघनाथ को युद्ध भूमि में भेजता है। मेघनाथ का लक्ष्मण से भंयकर युद्ध होता है और वह भी लक्ष्मण के हाथों मारा जाता है। मेघनाथ की पत्नी सुलोचना रामा दल में आती है और अपने पति का सिर मांगती है ताकि सती हो सकें, जिसकी अनुमति प्रभु श्री राम दे देते है और सुलोचना के अनुरोध पर युद्ध रोकने का भी ऐलान करते है।

इसके बाद रावण अहीरावण को याद करता है और राम-लक्ष्मण को हर लाने को कहता है। अहीरावण राम-लक्ष्मण को रामा दल से उठाकर पाताल लोक ले जाता है और कामादेवी को भेंट करने की तैयारी करता है, लेकिन हनुमान राम-लक्ष्मण को खोजते हुए पाताल लोक पहुंच जाते है, जहां उनकी मुलाकात मकरध्वज से होती है, जो अपने आपको हनुमान का पुत्र बताता है व जन्म की कहानी सुनाता है कि किस तरह हनुमान के पसीने को एक मछली पी लेती है और उसी से मकरध्वज का जन्म होता है। इसके बाद रास्ते रोकने पर हनुमान से मकरध्वज का युद्ध होता है और हनुमान उसको पेड़ से बांध देते है, जिसके बाद पाताल नगरी में हनुमान का युद्ध अहीरावण से होता है और जब अहीरावण को पता चलता है कि यह हनुमान है तो समझ जाता है कि अब प्राण नहीं बचेंगे क्योंकि उसको वर मिला हुआ था कि तू केवल हनुमान के हाथों ही मारा जाएगा।

इन्होंने किया अभिनय

रामलीला में राम का अभिनय दिवेश शर्मा, लक्ष्मन-मोहित यादव, सीता-सागर, रावण-मुकेश भारद्वाज, मेघनाथ-ब्रिजेश शर्मा, कुंभकरण-निखिल रोहिल्ला, सुग्रीव-भगत, जामवंत-नवीन, सुलोचना-जितेश, हनुमान-उमेश शर्मा, अंगद-महेश कौशिक, विभिषण-राजेश शर्मा, नल-लक्ष्य कौशिक, नील-प्रियांशु सोनी, अहीरावण-सतीश, रावण का मंत्री-रोहित, मकरध्वज-प्रिंस और राजाओं का अभिनय महेश कुमार, नरेन्द्र गोयल, जगदीश शर्मा व हर्ष यादव ने किया।

कोसली में मंडी में बाजरा खरीद का रोस्टर हुआ जारी

कोसली। कोसली मार्केट कमेटी की ओर से बाजरा खरीद के लिए 22 से 24 अक्टूबर तक का रोस्टर जारी कर दिया गया है। किसानों को फसल सूखा कर व साफ करके लाने की हिदायत दी गई है। मार्केट कमेटी के सचिव विकास यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 22 अक्टूबर को गांव गुजरवास, जाहिदपुर, दिढौली, ढोकिया, झाड़ौदा, झोलरी, कारोली, जुड्डी, परखोत्तमपुर, धनिया, लडायन, खुर्शीद नगर, जैतपुर, भडंगी, ढाणी ठेठराबाद, गुरावड़ा, गुगोढ, अहरोद, आसियाकी गोरावास के किसान मंडी में बाजरा ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर को नयागांव जाटों वाला, नठेड़ा, सुरेहली, मुमताजपुर, लाला, जैनाबाद,कोहारड़, बोहका, रामपुरी, औलांत, हांसावास, रतनथल, बास, बुड़ौली, श्यामनगर, गोपालपुर गाजी व बिठला गांव के किसानों से बाजरा खरीदा जाएगा तथा 24 अक्टूबर को गांव राधा की ढाणी, गढ़ी, मुंदड़ा, उस्मापुर,सैदपुर, चांग, जीवड़ा, करावरा, मानकपुर, खालेटा, लुला अहीर, सहादत नगर, ढाणा, मुरथला, श्रीनगर, कोलाना की ढाणी, निमोठ, चांदनवास व गोठड़ा के किसान मंडी में फसल लेकर आएंगे।

सुषेण वैद्य ने संजीवनी बूटी से लक्ष्मण को जीवित किया


रेवाड़ी। जिले के आदर्श गांव मैलावास में रामलीला के मंच पर सोमवार रात्रि अंगद के रावण के दरबार में पैर जमाने से लेकर, लक्ष्मण और मेघनाद युद्ध में लक्ष्मण का मूर्छित होन व लक्ष्मण मूर्छित होने पर विभीषण की ओर से बताए जाने पर हनुमान लंका से सुषेण वैद्य को लेकर आते हैं। सुषेण वैद्य के कहने पर हनुमान द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लाते है। संजीवनी बूटी लाते समय रास्ते में कालनेमी राक्षस का वध करते है। इसके बाद सुषेण वैद्य संजीवनी बूटी से लक्ष्मण को जीवित करते है। रामलीला में कृष्ण कुमार मुख्य अध्यापक ने राम, धर्मपाल ने लक्ष्मण, पूर्व प्राध्यापक भीम सिंह ने रावण, प्राध्यापक डॉ देवीलाल ने मेघनाद, कृष्ण कुमार ने सुषेण वैद्य, नवीन ने जामवंत, उमराव ने सुग्रीव, हुक्म सिंह ने विभीषण, नवीन कुमार ने अंगद, अमित शर्मा ने कालनेमी राक्षस व रवि शर्मा ने हनुमान का अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

मेघनाद के शक्ति बाण से मूर्छित हुए लक्ष्मण, हनुमान लाए संजीवनी बूटी

■ मंचन के दौरान रावण-अंगद संवाद ने वाहावाही लूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

श्री शिव रामलीला समिति नई अनाजमंडी के मंच पर 9वें दिन की रामलीला में राजकुमार का वध, रावण-अंगद संवाद, अंगद की रामादल में वापसी, मेघनाद की ओर से लक्ष्मण को मूर्छित करने, कालनेमी राक्षस वध तथा हनुमान के संजीवनी बूटी लाने तक की लीला दिखाई गई। मंचन के दौरान रावण-अंगद संवाद ने वाहावाही लूटी। लक्ष्मण के मूर्छित होने पर हनुमान संजीवनी सहित पूरा द्रोणाचल पर्वत उठा लाए। लंका से बुलवाए गए सुषेण वैध ने लक्ष्मण का उपचार किया। रामलीला का शुभारंभ दिनेश कुमार डिनको मोटर्स ने किया। इस अवसर पर जिले एडिशनल एसपी दीपिका अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही। समिति के महासचिव दीपक मंगला ने अतिथियों को स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन सिर्फ एक कथा नहीं है, बल्कि यह जीने की कला है।


रेवाड़ी। रामलीला मंचन में रावण दरबार का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

इनका रहा सहयोग

रामलीला में विपिन्न अग्रवाल ने हनुमान, सोमेश सैनी ने अंगद, राजेश वर्मा ने जामवंत, बीडी अग्रवाल ने विभिषण, हर्ष गुप्ता ने सीता, आशीष शर्मा ने राम, नवीन लखेरा ने लक्ष्मण, करूणेश ने सुग्रीव, संजीव वशिष्ठ ने रावण, नितिन चावरियां ने मेघनाथ, मुकेश चावरियां ने भरत, उज्जवल व रोहिन ने द्वारपाल तथा विनोद रामपुरा, सुरेन्द्र रामपुरा, मुकेश भार्गव, लोकेश होटला, नरेन्द्र, जेपी पंडित व राजेश भैया ने मंत्री का अभिनय किया। लीला में कपिलचंद शर्मा व डा. श्याम बिहारी का रहा। मंच संचालन भूपेन्द्र गुप्ता ने किया तथा प्रोमटिंग का कार्य नितेश अग्रवाल ने किया। रामलीला के आयोजन में मुख्य संरक्षक लक्ष्मण सिंह यादव, अजय मित्तल, राकेश पाल्हावासिया, नरेश मित्तल, राधेश्याम मित्तल, नवल किशोर गुप्ता, उपप्रधान अनिल कुमार गोयल, रमेश गेरा, सुरेश गर्ग, सन्नी गोयल, जितिन अग्रवाल, मुकेश, गिरिश सिंघला, मुकेश जिंदल, रिशू यादव, राकेश गोयल व विष्णु गुप्ता का सहयोग रहा।



दशहरे के पर्व पर हवन कर मांगी सुख-समृद्धि

रेवाड़ी। गढ़ी बोलनी रोड स्थित रिजॉर्ट में दशहरे के पावन पर्व के उपलक्ष्य में हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन की शुरूआत हुई। हवन कुंड में घी, जौ, तिल, चंदन और विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों की आहुतियां दी गईं। मान्यता है कि दशहरे के दिन किया गया हवन विशेष फलदायी होता है, क्योंकि यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है और इससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। करीब डेढ़ घंटे तक चले हवन का समापन शांति पाठ के साथ हुआ, जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरित किया गया। हवन-यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में नवरंग शर्मा दंपति रहे। शिवदत्त पंडित ने विधि-विधान से हवन संपन्न कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय नवचेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक विजय जननेता विजय सोमाणी ने शिरकत की। इस मौके पर देशराज आर्य, ओम प्रकाश यादव, सुनील पंडित, पंकज कोच, कृष्ण हरितस, पवन वत्स, संजय लखानी, मुकेश ठेकेदार, जसवंत वकील, शिव वकील, परिवर्तन सोमाणी व अनिल श्योराण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

हवन-यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में नवरंग शर्मा दंपति रहे

श्रीराम ने किया रावण का वध, सीता को लेकर अयोध्या लौटे मर्यादा पुरुषोत्तम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला के मंच पर सोमवार रात्रि अंगद की ओर से रावण के दरबार में पैर जमाने से लेकर लक्ष्मण मूर्छा, विभीषण की ओर से बताए जाने पर हनुमान की ओर से लंका से सुषैण वैद्य को लाने, संजीवनी बूटी लाने, कुंभकरण वध, अहीरावण वध और राम-रावण युद्ध तक के दृश्यों का मंचन किया गया। रावण की ओर से राम को दशहरा ग्राउंड में देख लेने की धमकी देने के साथ साथ ही रामलीला का समापन किया गया। शाम को श्रीराम और रावण अपने दल बल के साथ जुलूस रूप में शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए, युद्ध करते हुए दशहरा मैदान में पहुंचे। जहां विभीषण के बताने पर श्री राम ने अग्नि बाण चलाकर रावण का वध किया। श्रीराम ने विभीषण को लंका का राजा बनाया और सीता को लेकर पुष्पक विमान से अयोध्या लौट आए।


रामलीला का शुभारंभ कटला बाजार के विनोद कुमार की पौत्री ने किया। श्याम गुप्ता, सुभाष गुप्ता, महेश पटवारी व याद के सुगंध सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कोई कितनी भी शरारत कर ले या आतंक फैला ले, झूठ फरेब कर ले, मगर जीत हमेशा सत्य की ही होती है। इसलिए हमें सत्य का दामन कभी नहीं छोड़ना चाहिए।



राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा का पर्व

रेवाड़ी। राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल दड़ौली में मंगलवार को दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष राय सिंह यादव ने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हें-नन्हें बच्चों ने राजा दशरथ के चारों पुत्रों राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न और हनुमान सहित रावण की सेना का अभिनय कर रामलीला का मंचन किया। नौवीं व कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने अभिनय से यह सीख दी कि बुराई का परिणाम बुरा ही होता है। भगवान श्रीराम ने अपने पिता दशरथ की आज्ञा का पालन कर 14 वर्ष तक पत्नी सीता व अनुज भ्राता लक्ष्मण सहित वनवास में रहकर अनेक कष्टों को सहन किया।

गुड़ियानी में रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों का हुआ दहन

कोसली। गांव गुड़ियानी में विजय दसमी के पर्व पर गणेश रामलीला कमेटी की ओर से रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान पटाखे फोड़े गए और आतिशबाजी भी की गई। रावण दहन को देखने के लिए आसपास के इलाके से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। सरपंच नरेंद्र ने बताया कि गुड़ियानी में लगभग 50 सालों से रामलीला का भव्य मंचन किया जाता है और विजयदशमी के दिन रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों के दहन के बाद श्रीराम के राजतिलक करके समापन किया जाता है। उन्होंने कहा कि विजयदशमी के पर्व से हमे प्रेरणा मिलती है कि बुराई करने वाला कितना ही बड़ा क्यों न हो पर जीत हमेशा अच्छाई की होती है।



कृषि विभाग आज से किसानों को वितरित करेगा सरसों के बीज की किट

कोसली। कृषि विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के अंतर्गत 21 अक्टूबर को सुबह 9 बजे कोसली लघु सचिवालय में किसानों को सरसों के बीज की मिनी किट वितरित की जाएंगी। खंड कृषि अधिकारी डा. नवीन कुमार ने बताया कि बुधवार से 23 अक्टूबर तक किसानों को सरसों बीज की मिनी किट निःशुल्क बांटी जाएंगी। किट में किसानों को उत्तम आरएच-1706 तथा आरएच-1424 किस्म के सरसों बीज फ्री दिए जाएंगे, जोकि पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेंगे। इच्छुक किसान अपने साथ मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किया गया पंजीकरण व आधार कार्ड लेकर कृषि विभाग के कार्यालय में आ सकते है, जिससे कि उनका सत्यापन आसानी से हो सकें।

एसआईआर के तहत 6 नवंबर को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

रेवाड़ी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में एसआईआर-2026 के तहत मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य मिशन मोड में जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान के कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। डीसी मीणा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं से प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का नियमानुसार निपटारा 28 अक्टूबर तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दावों एवं आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत 6 नवंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

संदिग्ध लिंक, एपीके फाइल या अनधिकृत ऐप डाउनलोड न करें, वेबसाइट पर लॉगिन करने से पहले उसका सही पता जांचें

ऑनलाइन कमाई के लुभावने ऑफर से रहें सावधान: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डिजिटल युग में सोशल मीडिया जहां युवाओं, कंटेंट क्रिएटर्स और छोटे कारोबारियों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, व्यवसाय बढ़ाने तथा आय अर्जित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है, वहीं साइबर अपराधी भी लोगों के विश्वास और ऑनलाइन अवसरों का गलत लाभ उठाने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिलावासियों को इंस्टाग्राम, फेसबुक तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी बिजनेस पेज और ब्रांड प्रमोशन के नाम पर होने वाली साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्कता बरतने की अपील की है।

एसपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर ब्रांड प्रमोशन, पेड कोलैबोरेशन, प्रोडक्ट रिव्यू और ऑनलाइन बिजनेस पार्टनरशिप के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में साइबर अपराधी प्रतिष्ठित कंपनियों और लोकप्रिय ब्रांडों के नाम से मिलते-जुलते फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों को आकर्षक प्रस्ताव भेज सकते हैं। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर सक्रिय युवाओं, इन्फ्लुएंसर्स, ऑनलाइन विक्रेताओं और छोटे व्यवसायियों को अच्छे भुगतान, मुफ्त उत्पाद तथा व्यावसायिक साझेदारी का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी का शिकार बनाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी पहले किसी प्रसिद्ध कंपनी के नाम, लोगों और आकर्षक पोस्ट का इस्तेमाल करके सोशल मीडिया पर फर्जी बिजनेस प्रोफाइल तैयार करते हैं। अकाउंट को विश्वसनीय दिखाने के लिए उस पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स, उत्पादों की तस्वीरें और प्रचार संबंधी सामग्री भी प्रदर्शित की जा सकती है। इसके बाद संबंधित व्यक्ति को डायरेक्ट मैसेज, ईमेल या व्हाट्सएप के माध्यम से ब्रांड प्रमोशन अथवा पेड पार्टनरशिप का प्रस्ताव भेजा जाता है। विश्वास जीतने के लिए फर्जी ऑफर लेटर, एग्रीमेंट या भुगतान संबंधी दस्तावेज भी उपलब्ध


कराए जा सकते हैं। कई बार रजिस्ट्रेशन फीस, सिक्योरिटी डिपॉजिट, प्रोडक्ट डिलीवरी चार्ज अथवा अन्य शुल्क के नाम पर अग्रिम भुगतान मांगा जाता है। कुछ मामलों में साइबर अपराधी कथित ब्रांड एग्रीमेंट, भुगतान प्राप्त करने या अकाउंट वेरिफिकेशन के बहाने संदिग्ध वेबसाइट का लिंक भेजते हैं।

साइबर ठगी से बचाव के लिए सलाह

ब्रांड की पहचान सत्यापित करें: किसी भी प्रमोशन या पार्टनरशिप प्रस्ताव को स्वीकार करने से पहले कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट, ईमेल पते और सोशल मीडिया अकाउंट की जांच करें।

अनजान लिंक और ऐप से बचें: संदिग्ध लिंक, एपीके फाइल या अनधिकृत ऐप डाउनलोड न करें। वेबसाइट पर लॉगिन करने से पहले उसका सही पता जांचें।

गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखें: किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, पासवर्ड, यूपीआई पिन, बैंकिंग विवरण या सोशल मीडिया लॉगिन संबंधी जानकारी साझा न करें।

अग्रिम भुगतान में सावधानी बरतें: रजिस्ट्रेशन फीस, सिक्योरिटी डिपॉजिट या प्रमोशन शुल्क के नाम पर धनराशि भेजने से पहले प्रस्ताव की पूरी जांच करें।

अकाउंट की सुरक्षा मजबूत बनाएं: सोशल मीडिया अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें तथा संदिग्ध लॉगिन गतिविधियों पर नजर रखें।

संदिग्ध अकाउंट की रिपोर्ट करें: फर्जी ब्रांड प्रोफाइल, संदिग्ध संदेश अथवा धोखाधड़ी का प्रयास सामने आने पर संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिपोर्ट करें और आवश्यक डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखें। साइबर ठगी होने पर राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करे।